**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**<u>05.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे</u>**

**<u>'' मुख्य समाचार''</u>**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–एनडीए सरकार के 11 वर्ष गरीब कल्याण व सहानुभूति से परिपूर्ण।
2. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–पर्यावरण संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता–प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम।
3. केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 9 जून से प्रदेश भर में विशेष अभियान शुरू करेगी भाजपा।
4. मरीजों से सरकारी अस्पतालों में पर्ची के पैसे लेने के फैसले पर मुख्यमंत्री ने कहा–अस्पतालों से आए थे सुझाव, सरकार ने नहीं थोपा निर्णय।

**अब समाचार विस्तार से...........**

**<u>गरीब कल्याण</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर, लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मज़बूत बुनियादी ढांचे और समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। सोशल मीडिया पोस्ट उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने ने गरीबी को हराने में 25 करोड़ से अधिक लोगों की मदद करने में इन पहलों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने समावेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई, जहां हर नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। इस बीच राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल को उपलब्धियों भरा बताया है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।

**<u>पर्यावरण दिवस</u>**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है और प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ठोस उपाय किए जा रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्कूलों के विद्यार्थियों को पानी पीने की छह लाख स्टेनलैस स्टील की बोतलें प्रदान करने की घोषणा भी की। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मार्च, 2026 तक प्रदेश को ग्रीन स्टेट बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके दृष्टिगत अनेक नवोन्मेषी पहल की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन कवर को बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने केन्द्र से ग्रीन बोनस की मांग की है ताकि राज्य के प्रयासों को संबल मिल सके। उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक चालान मोबाइल ऐप का शुभारम्भ भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार भी प्रदान किए और प्रदेश के 6 स्कूलों को वर्ष

2024–25 के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन स्कूल रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसी तरह प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ओक ओवर, शिमला से 'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' ध्येय से आयोजित साइकिल रन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्लास्टिक न्यूट्रल हिमाचल–2030 जागरूकता अभियान और स्वच्छ शिमला अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अभियान में विद्यार्थियों, स्वयं सेवियों, गृह रक्षा जवानों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को प्लास्टिक न्यूट्रल बनाने की शपथ भी दिलाई।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर शिमला के समीप तारादेवी में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें जीवन प्रदान करती है और प्रकृति व पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। सिकंदर कुमार ने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है और प्रकृति का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी 15 जुलाई से 15 अगस्त तक वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित करेगी। सिकंदर कुमार ने स्थानीय लोगों से वृक्षारोपण के कार्यक्रमो में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह भी किया।

**भाजपा**

केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक संयुक्त पत्रकारवार्ता के दौरान ये जानकारी दी। राजीव बिंदल ने बताया कि पार्टी 9 जून से विशेष अभियान शुरू करेगी जिसमें संगठन के सभी स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्य कर रही है और प्रदेश के कुल 8 हजार 9 पोलिंग बूथों पर करीब 90 हजार पौधे लगाए जाएंगे। बिंदल ने कहा कि 20 जून तक मण्डल और बूथ स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

राजीव बिंदल ने बताया कि भाजपा 21 जून को योग दिवस पर नो टू ड्रग्स अभियान के तहत प्रदेशभर में एक सौ 71 कार्यक्रम आयोजित करेगी ताकि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता लाई जा सके। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अफरा–तफरी का माहौल है और सरकार किसी भी कार्य को लेकर गम्भीर नजर नहीं आ रही है।

**मुख्यमंत्री–पर्ची**

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पर्ची के 10 रुपए लेने के फैसले पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अस्पतालों की रोगी कल्याण समिति की तरफ से पर्ची पर 10 रुपए लेने का सुझाव आया था जिसके बाद कैबिनेट सब कमेटी ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संबंध में निर्देश अस्पतालों पर थोपे

नहीं है, बल्कि यह अस्पतालों की रोगी कल्याण समिति पर छोड़ा गया है कि इस प्रकार का शुल्क लगाना है या नहीं लगाना है।

***मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार की तरफ से कोई रिकोमंडे”ान नहीं है। यह हमने हॉस्पिटल्स को ऑटोनोमस कर दिया। हॉस्पिटल अगर चाहता है अपनी सफाई रखना मेंटेनेंस रखना तो वह 10 रूपय पर्ची के लगा सकता है। अगर हॉस्पिटल नहीं चाहता कि अपने संसाधन है कोई अपनी इनकम है तो उनको पर्ची लगाने की जरूरत नहीं है। यह तो उस हॉस्पिटल की रोगी कल्याण समिति जिसमें लोकल लोग होते हैं, उनके द्वारा तय करना है। सरकार की तरफ से कोई नोटिफिकेशन को थोपा नहीं गया है एक राय मांगी है जो कैबिनेट सब कमेटी ने एक राय के तहत यह कहा है।***

## उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले के कुटलैहड़ में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने भव्य शोभायात्रा में भाग लिया और पिपलू मेले को राज्यस्तरीय दर्जा प्रदान करने की घोषणा की। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में करोड़ों रूपए की पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन हैं जिससे लोगों को बेहतर पेजयल सुविधा मिलेगी।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला में चल रही शौंगटोंग–कड़छम, काशंग व अन्य लघु जलविद्युत परियोजनाओं के प्रबंधकों व परियोजना प्रभावित पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ आज रिकांगपिओ में एक बैठक की। उन्होंने परियोजना अधिकारियों को प्रभावित पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने जलविद्युत परियोजनाओं की सभी डम्पिंग साईटों को चिन्हित करने और परियोजना प्रभावित स्थानों पर हो रहे भूमि–कटाव को रोकने के लिए भी उचित कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

## '' मुख्य समाचार एक बार फिर''

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–एनडीए सरकार के 11 वर्ष गरीब कल्याण व सहानुभूति से परिपूर्ण।
2. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–पर्यावरण संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता–प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम।
3. केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 9 जून से प्रदेश भर में विशेष अभियान शुरू करेगी भाजपा।
4. मरीजों से सरकारी अस्पतालों में पर्ची के पैसे लेने के फैसले पर मुख्यमंत्री ने कहा–अस्पतालों से आए थे सुझाव, सरकार ने नहीं थोपा निर्णय।